Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	25th Feb 2019

NBT नवभारत टाइम्स

वार्षिक खेल दिवस पर बच्चों ने दिखाए कई रंग

एनबीटी न्यूज, गुड़गांवः सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल ने रविवार को वार्षिक खेल दिवस को हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें प्री-नर्सरी, नर्सरी और किंडरगार्डेन के काफी संख्या में छात्रों नें विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कार्यक्रम में अभिभावकों का स्वागत करते हुए वाइस चेयरमैन अंकित गोयल और सनसिटी स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने हवा में गुब्बारों को छोड़ कर इस कार्यक्रम का शुरुआत की। युवा चीयरलीडर्स द्वारा एक आकर्षक प्रदर्शन के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया, इसके बाद मार्च पास्ट और ड्रिल्स पीकॉक, योगा एंड इमोटिकॉन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अर्पण छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया और जिमनास्टिक और ताइक्वांडो भी खास रहा। इस अवसर पर सनसिटी स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता के लिए एक स्वस्थ शरीर तथा दिमाग दोनों ही बेहद जरूरी है। सनसिटी स्कूल में हम छात्रों को खेलों के महत्व को समझाते हैं और उसी प्रकार से यहां के बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाता है। इस वर्ष की थीम 'रूट्स' रखा गया था और इसे सम्पन्न करने हेतु कुछ नई एक्टिविटी भी शामिल की गई। जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	25th Feb 2019

हिन्दुस्तान

गुरुग्राम सेक्टर-54 में स्थित सनसिटी स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस पर छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रतिभा दिखाई। ● हिन्दुस्तान

छात्र-छात्राओं ने ताइक्वांडो में प्रतिभा दिखाई

गुरुग्राम। सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने जिम्नास्टिक और ताइक्वांडो में अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम की शुरुआत चीयरलीडर्स की ओर से कार्यक्रम पेश कर की गई। बाद में मार्च पास्ट और ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिमनास्टिक और ताइक्वांडो की प्रतियोगिताएं हुई। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। इस अवसर पर खेल मैदान को गुब्बारे, झंडे तथा विभिन्न बैनर से सजाया गया था।

Publication	Dainik Bhaskar
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	25th Feb 2019

सनसिटी स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

गुड़गांव. वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस मनाया गया। एलिमेंट्री इयर्स प्रोग्राम, प्री-नर्सरी, नर्सरी और किंडर गार्डेन के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा चीयरलीडर्स द्वारा एक आकर्षक प्रदर्शन के साथ की गई। इसके बाद मार्च पास्ट और पीकॉक, योगा एंड इमोटिकॉन का आयोजन किया गया। इस वर्ष खेल की थीम "रूट्स' रखा गया था जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जैसे कि, फ्लोरिस्ट एट वर्क, संदेशवाहक, लेट्स गो फिशिंग, अगेन्स्ट ऑल ऑड्स, ड्रेसअप दी स्केयर क्रो तथा कैपर एंड पाउच रेस। बच्चों के अभिभावकों ने भी कई रेस में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अर्पण छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिमनास्टिक और ताइक्वांडो रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि विद्यार्थी के लिए स्वस्थ शरीर तथा तेज दिमाग दोनों ही बेहद जरूरी हैं। छात्रों को खेलों के महत्व को समझाया जाता है। यहां के बच्चों को प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाता है और साथ ही बेहतर अभ्यास के लिए उन्हें उचित उपकरण भी प्रदान दिए जाते हैं।

https://www.jagran.com/haryana/gurgaon-annual-sports-day-celebrated-in-school-18985115.html

स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस मना

सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल-दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल के वाइस चेयरमैन अंकित गोयल और स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने किया। इस दौरा

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल-दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल के वाइस चेयरमैन अंकित गोयल और स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट और ड्रिल्स (पीकॉक, योगा एंड इमोटिकॉन) की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्या ने कहा कि विद्यार्थी के लिए स्वस्थ शरीर तथा तेज दिमाग दोनों ही बेहद जरूरी हैं। इसलिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम का थीम 'रूट्स' रखा गया। इस मौके पर फ्लोरिस्ट एट वर्क, लेट्स गो फि शग और अगेंस्ट ऑल ऑड्स जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। अभिभावकों ने भी दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस मना

जागरण

15 hours ago समाचार / जागरण/

सेक्टर-54 स्थित सनसिटी स्कूल में रविवार को वार्षिक खेल-दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ स्कूल के वाइस चेयरमैन अंकित गोयल और स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट और ड्रिल्स (पीकॉक योगा एंड इमोटिकॉन) की प्रस्तुति दी। स्कूल की प्रधानाचार्या रूपा चक्रवर्ती ने कहा कि विद्यार्थी के लिए स्वस्थ शरीर तथा तेज दिमाग दोनों ही बेहद जरूरी हैं।